**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 26**
**मंगलवार, 5 दिसम्बर, 2023/ 14 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**सहकार प्रज्ञा योजना/पहल**

**†*26. श्री संजय काका पाटील:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)सहकार प्रज्ञा योजना/पहल के अंतर्गत लाभान्वित निगमों/सहकारी संस्थाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख)इस योजना को चलाने/कार्यान्वित करने के लिए राज्य-वार, विशेषकर महाराष्ट्र में स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार की देश भर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) से (घ): सदन के पटल पर विवरण रखा गया है ।

**दिनांक 5 दिसम्बर, 2023 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 26 के खंड (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सांविधिक निगम है जो कि लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान और विकास अकादमी (लिनाक) के माध्यम से सहकार प्रज्ञा पहल को कार्यान्वित कर रहा है।

लिनाक एनसीडीसी के प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श विंग के रूप में कार्य करता है। यह हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है और देशभर में इसके 18 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हैं।

सहकार प्रज्ञा, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्राथमिक सहकारी समितियों में व्यावसायिकता विकसित करने पर केंद्रित है। यह सहायता प्राप्त सहकारी समितियों के कर्मियों और निगम के अधिकारियों के लिए आवश्यकता-आधारित कार्यक्रम डिजाइन और संचालित करता है। सहकार प्रज्ञा के अंतर्गत लिनाक दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) देशों सहित भारत और विदेशों में सहकारी समितियों के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित करने के लिए, कृषि बैंकिंग में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता एवं प्रशिक्षण केंद्र (सिक्टैब), एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में कृषि सहकारी समितियों के विकास के लिए नेटवर्क (नेडैक) और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ साझेदारी करता है।

सहकार प्रज्ञा पहल की 2018-19 में शुरुआत के बाद से, इसके अंतर्गत लाभान्वित होने वाले सहकारी समितियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रतिभागियों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

| वर्ष | आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम | लाभान्वित प्रतिभागी |
|---|---|---|
| 2018-19 | 40 | 1227 |
| 2019-20 | 66 | 1848 |
| 2020-21 | 121 | 8076 |
| 2021-22 | 256 | 19927 |
| 2022-23 | 246 | 18364 |
| 2023-24 (31.10.23 तक) | 128 | 8274 |
| **कुल** | **857** | **57,716** |

(ख): लिनाक के देश भर में सहकारी समितियों के कर्मियों को क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 18 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हैं। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में से एक पुणे, महाराष्ट्र में स्थित है, जो कि महाराष्ट्र राज्य में सहकार प्रज्ञा पहल को लागू कर रहा है । इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों का राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

(ग) तथा (घ): "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से सहकारिता मंत्रालय ने कई नई पहलें की हैं, जिनमें 'सहकारिता क्षेत्र में शिक्षण एवं प्रशिक्षण' भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी), सहकारिता मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था है जो राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र के सहकारी विभागों के कर्मियों सहित देश भर के सहकारी समितियों के कार्मिकों, सदस्यों एवं बोर्ड के सदस्यों के लिए सहकारी शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

इन कार्यक्रमों का संचालन परिषद देश भर में फैले अपने 20 घटक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से करता है जिसमें वैमनीकॉम (वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान) एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान, पुणे में अवस्थित है । इसके अतिरिक्त, पांच क्षेत्रीय स्तर और 14 राज्य स्तर के संस्थान हैं ।

एनसीसीटी ने वर्ष 2022-23 में संपूर्ण देश में सहकारी प्रतिभागियों, कामगारों तथा पेशेवरों के लिए 3287 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये। इसके अतिरिक्त, इस अवधि में परिषद ने लगभग 2,01,507 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

*****

**अनुबंध-I**

| क्र.सं. | क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का नाम | अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत राज्य / संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | बेंगलुरु | कर्नाटक |
| 2 | भोपाल | मध्य प्रदेश |
| 3 | भुवनेश्वर | ओडिशा |
| 4 | चंडीगढ़ | हरियाणा |
| | | पंजाब |
| | | चंडीगढ़ |
| | | जम्मू एवं कश्मीर |
| 5 | चेन्नई | तमिलनाडु |
| | | पुदुचेरी |
| 6 | देहरादून | उत्तराखंड |
| 7 | गांधीनगर | गुजरात |
| 8 | गुवाहाटी | असम |
| | | मेघालय |
| | | मणिपुर |
| | | नगालैंड |
| | | मिजोरम |
| | | अरुणाचल प्रदेश |
| | | त्रिपुरा |
| 9 | हैदराबाद | आंध्र प्रदेश |
| | | तेलंगाना |
| 10 | जयपुर | राजस्थान |
| 11 | कोलकाता | पश्चिम बंगाल |
| | | सिक्किम |
| 12 | लखनऊ | उत्तर प्रदेश |
| 13 | पटना | बिहार |
| 14 | पुणे | महाराष्ट्र |
| | | गोवा |
| 15 | रायपुर | छत्तीसगढ |
| 16 | रांची | झारखंड |
| 17 | शिमला | हिमाचल प्रदेश |
| | | लद्दाख |
| 18 | तिरुवनंतपुरम | केरल |
| | | लक्षद्वीप |

*****